नवोदय टाइम्स
THU,06 MARCH 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# बीमाकृत व्यक्तियों के साथ स्वास्थ्य वार्तालाप

गुड़गांव, 5 मार्च (ब्यूरो): एसिक विशेष सेवाएं पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत ईएसआईसी द्वारा बीमाकृत कंपनी कर्मचारियों से वार्तालाप के बाद उनके लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व ईएसआईसी आदर्श अस्पताल डॉ. देशराज द्वारा किया गया।

शिविर में पर्ल अपेरल प्राइवेट लिमिटेड उद्योग विहार गुरुग्राम कंपनी में अपने बीमाकृत व्यक्तियों के साथ स्वास्थ्य वार्तालाप की। इस वार्तालाप शिविर का आयोजन उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा करवाया गया था। डॉ. देशराज के अतिरिक्त अन्य नर्सिंग अधिकारी एवं फार्मासिस्ट भी शामिल थे। इस स्वास्थ्य वार्तालाप व चिकित्सा जांच शिविर में पर्ल अपेरल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के 80 कर्मचारियों को अच्छे



स्वास्थ्य जांच के लिए उमड़े कर्मचारी।

स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया। बीमाकृत व्यक्तियों को दवाइयां भी वितरित की गई। मनोज सचदेवा का सामाजिक सुरक्षा अधिकारी का इस शिविर में विशेष योगदान रहा। पर्ल अपेरल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस स्वास्थ्य जांच शिविर के लिए चिकित्सक एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।